भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: **4683**

उत्तर देने की तारीख: 22.07.2019

अनुसंधान संस्थानों में रिक्त पद

4683. श्री विजय कुमार:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत सरकार के अनुसंधान संस्थानों में आज की तिथि तक कितने पद रिक्त है;

(ख) सरकार द्वारा इन रिक्त पदों को भरने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) बिहार में कितने अनुसंधान केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा कितने अनुसंधान केन्द्रों को स्थापित करने की संभावना है ?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): भारत सरकार के अनुसंधान संस्थानों में आज की तिथि तक कुल 423 पद रिक्त हैं।

(ख): विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में, संबंधित संस्थानों द्वारा रिक्तियों को भरने के लिए मौजूदा नियमों के अनुसार आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत, अखिल भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) सभी रिक्तियों को भरने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है और भर्ती प्रक्रिया निरंतर जारी है।

(ग): बिहार में कोई अनुसंधान केंद्र स्थापित नहीं किया गया है। वर्तमान में, बिहार में अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के लिए, सरकार का कोई निर्णय नहीं है।

*****